उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग-4
संख्या-5/24/5/83-का-4-2014
लखनऊ : दिनांक : 20 मई, 2014

<u>कार्यालय ज्ञाप</u>

कार्मिक विभाग-प्रशिक्षण समन्वय प्रकोष्ठ के कार्मिकों के सचिवालय विशेष भत्ता की दरों को पुनरीक्षित करने विषयक, समसंख्यक कार्यालय ज्ञाप दिनांक 21.04.2009 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रशिक्षण समन्वय प्रकोष्ठ में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों को प्राप्त हो रहे सचिवालय विशेष भत्ता की वर्तमान दर रू. 500.00 को पुनरीक्षित करते हुए, दिनांक 10.09.2013 से रू. 625.00 प्रतिमाह किये जाने की राज्यपाल महोदय, सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. उपर्युक्त पर होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-19 में लेखाशीर्षक, ''2070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-आयोजनेतर-003-प्रशिक्षण-07-प्रशिक्षण समन्वय कोष्ठक का गठन'' के अन्तर्गत सुसंगत इकाई के नामें डाला जायेगा।

3. उक्त आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-वे.आ.-2-468/दस-2014, दिनांक 28 अप्रैल, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

(राजीव कुमार)
प्रमुख सचिव

<u>संख्या-24/5/83(1)-का-4-2014, तद्दिनांक ।</u>

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. नियुक्ति (लेखा) प्रकोष्ठ को 02 प्रतियों में।
3. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1/2
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2

आज्ञा से,

(योगेश्वर राम मिश्र)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in